उमंग-2026 | मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# खेलों के उत्साह के साथ स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ





**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय, जबलपुर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'उमंग-2026' का शुभारंभ खेल प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल के निर्देशन एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ज्योति जाट उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित किया।

### छात्राओं ने दिखाया दमखम

प्रथम दिवस सोमवार को शारीरिक शिक्षण विभाग द्वारा 50, 100 एवं 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, थ्री स्टेप दौड़, स्लो साइकिल तथा चम्मच-कंचा दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं में पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि जाग्रत करना, शारीरिक क्षमता का विकास करना एवं मानसिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित

50 मीटर दौड़ में तनिशा बर्मन ने प्रथम, दीपाली केवट ने द्वितीय एवं शीतल बेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में सुप्रिया गुप्ता प्रथम, सारिका जैन द्वितीय तथा मानसी पटेल तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में रक्षा रजक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तवा फेंक में मानसी पटेल, गोला फेंक में श्रेया राजपूत एवं भाला फेंक में दीपाली केवट ने प्रथम स्थान अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### स्पोर्ट्स डे पर होंगे शेष मुकाबले

स्लो साइकिल, चम्मच-कंचा दौड़ एवं थ्री स्टेप दौड़ की फाइनल रेस स्पोर्ट्स डे के अवसर पर आयोजित की जाएगी। संपूर्ण खेल प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजन में डॉ. कामना श्रीवास्तव, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. उज्ज्वला खारपाटे, डॉ. नंदिनी भारिल्ल, डॉ. सपना चावला सहित समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।



# टाइटन ने चैलेंजर्स टीम को 9 विकेट से हराया

▶ जेनको क्रिकेट लीग और खेल प्रतियोगिता उद्घाटित, महिला क्रिकेट में पावर एंजल्स की टीम जीती



**जबलपुर नवभारत।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (जेनको) के तत्वावधान में सोमवार से रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में जेनको क्रिकेट लीग प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने किया, जबकि अध्यक्षता पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने की।

सुनील तिवारी व मनजीत सिंह ने जेनको क्रिकेट लीग की ट्रॉफी का अनावरण कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। जेनको क्रिकेट लीग में 10 टीमें भाग ले रही हैं। जेनको लीग का उद्घाटन मैच टाइटन व चैलेंजर्स टीम के मध्य खेला गया, जिसमें टाइटन टीम 9 विकेट से विजयी रही। महिला वर्ग के अंतर्गत पावर एंजल्स ने वंडर वुमन को भी 9 विकेट से पराजित किया।

### आशुतोष बने मैन ऑफ द मैच

जेनको लीग का प्रथम मैच टाइटन व चैलेंजर्स के मध्य खेला गया। चेलेंजर्स टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में दो विकेट खोकर 91 रन बनाए। रूपेश शाह ने 45 रन बनाए। चेलेंजर्स टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ एक विकेट के नुकसान पर विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया। उनकी ओर आशुतोष सहस्त्रबुद्धे ने 35 रन की प्रभावशाली पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### नेहा सिंह बनीं प्लेयस ऑफ द मैच

महिला क्रिकेट मैच में पावर एंजल्स ने वंडर वुमन को 9 विकेट से पराजित किया। वंडर वुमन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 57 रन बनाए। कप्तान मनीषा झारिया ने 30 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी पावर एंजल्स ने नेहा सिंह की 24 रन की पारी से एक विकेट के नुकसान पर 6 ओवर में ही विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया। नेहा सिंह प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

# भोपाल के पहली पारी में 5 विकेट पर 370 रन

महाराजा यशवंतराव मेमोरियल अंतर सम्भागीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित भोपाल संभाग में फेथ क्रिकेट क्लब भोपाल में आयोजित महाराजा यशवंतराव मेमोरियल चार दिवसीय अंतर सम्भागीय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर सम्भाग विरूद्ध भोपाल संभाग के मध्य खेले जा रहे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल संभाग ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में 5 विकेट खोकर 370 रन बना लिए हैं।

नाबाद बल्लेबाज़ तनिष्क यादव 52 तथा प्रारब्ध मिश्रा ने खाता नहीं खोला है। पहले विकेट की साझेदारी में पृथ्वीराज और अरहम ने 258 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। पृथ्वीराज दोहरे शतक से चूक गए। उन्होंने 191 रन की शानदार पारी में 25 चौके और तीन छक्के लगाए। अरहम ने 89 और कनिष्क दुबे ने 27 रनों का योगदान दिया। जबलपुर संभाग से अचिंत ठाकुर ने 3 तथा पारूष मंडल ने 2 विकेट लिए।

# टीम सनराइज ने 7 विकेट तो एबेंजर्स ने 101 रन से जीते मैच



**नवभारत,जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट रानीताल खेल परिसर में टीम सनराइज एवं टीम रॉयल ब्लू के बीच आयोजित किया गया,जिसमें टीम सनराइज ने मैच जीत लिया। इसी क्रम में दूसरा मैच टीम एबेंजर्स और टीम ग्रे के बीच आयोजित किया गया जिसमें टीम एबेंजर्स ने 101 से मैच जीत लिया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, ज्योति राय, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र यादव, रवीन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा (सीपू), अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी व अधिवक्ता श्री प्रदीप परसाई (बाबा) उपस्थित थे।

### अब शुरू होगा क्वार्टर फ़ाइनल का सफ़र

उक्त मैच के समापन पश्चात् अधिवक्ता प्रीमियम लीग टी 20 के नियमानुसार ग्रुप ए से टीम रेड और टीम रेम्बों, ग्रुप बी से टीम ग्रीन और टीम सनराइज एवं ग्रुप सी से टीम यलो व टीम एक्वा, ग्रुप डी से टीम स्काई एवं टीम ब्लू ने क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया, क्वाटर फाइनल के मैच 14 और 15 फरवरी को आयोजित होगें।

### टेनिस बॉल 'कोऑर्डिनेशन कप 2026 आज से

**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय कार्यकारिणी समिति (सीजीईडब्ल्यूसीसी) जबलपुर द्वारा आज मंगलवार से शनिवार, 14 फरवरी 2026 तक टेनिस बॉल 'कोऑर्डिनेशन कप 2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रेलवे स्टेडियम और नर्मदा क्लब स्टेडियम में एक साथ आयोजित की जा रही है। इस टूर्नामेंट में केंद्रीय सरकार के कुल 15 विभागों के कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 7 बजे रेलवे स्टेडियम में समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद प्रथम मैच केंद्रीय जीएसटी कार्यालय और श्रम कल्याण आयुक्त कार्यालय के बीच रेलवे ग्राउंड पर शुरू हुआ।



# तुषार ने अंतरराष्ट्रीय प्रो रेसलिंग लीग में दिखाया कमाल

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नागेंद्र सिंह के सुपुत्र तुषार सिंह ने नोएडा इनडोर स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रो रेसलिंग लीग 2026 में चीफ स्ट्रैटिजी ऑफिसर और प्रमोटर के रूप में मुख्य भूमिका निभाई। सात साल के अंतराल के बाद लौटे इस टूर्नामेंट को तुषार की दूरदर्शी रणनीति और पेशेवर प्रबंधन के लिए पूरे देश में सराहा जा रहा है। तुषार सिंह की देखरेख में 16 देशों के 63 पहलवानों की नीलामी संपन्न हुई। जबलपुर आगमन पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (अमेठी) मप्र प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकुर के आदेशानुसार युवा पदधिकारियों ने तुषार का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप ठाकुर, भानु सिंह, अनूप सिंह, प्रवेंद्र चौहान, पुष्पराज चौहान, लक्की ठाकुर, हरीश ठाकुर, अजय प्रताप सिंह, विवेक सिंह, प्रवीण सिंह (काशू), कमल सिंह, शिवम चतुर्वेदी, सौरभ सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, विशम्भर सिंह, मन्ना सिंह, दिनेश तिवारी, राज, गोपाल पूरी, चिन्मय सिंह, धनजय सिंह, योगेश जोशी सहित भारी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

# आदिवासी समाज ने मंत्री शाह के समर्थन में जताई एकजुटता



▶ दलित-आदिवासी समाज ने मंत्री के पक्ष में हस्तक्षेप की अपील की

**नवभारत,जबलपुर।** अनुसूचित जाति/जनजाति छात्र संघ ने मध्यप्रदेश के केबिनेट मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह के खिलाफ चल रहे मीडिया ट्रायल को लेकर उच्चस्तरीय हस्तक्षेप की मांग की है। छात्र संघ ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मंत्री के भाषण में हुई भाषाई भूल को लेकर उनके द्वारा चार बार मांगी गई माफी को स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

पत्र में कहा गया है कि डॉ. शाह पिछले 35 वर्षों से विधायक और अनुभवी मंत्री हैं, जिन्होंने आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों के विकास में विशेष योगदान दिया है। इसके बावजूद उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है, जो समाज में दुष्प्रचार का उदाहरण है। छात्र संघ ने चेतावनी दी है कि प्रदेश की 37 प्रतिशत आदिवासी और दलित आबादी की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे को यहीं समाप्त किया जाना चाहिए। मंत्री कुँवर विजय शाह को आदिवासी समाज के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में माना जाता है, और उनके समर्थकों का मानना है कि उनके कार्यों और देशभक्ति की भावना को नजरअंदाज करना अनुचित है।



# लंबित भर्तियों के त्वरित निपटारे की मांग

**नवभारत,जबलपुर।** नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन ने मध्यप्रदेश के हजारों अभ्यर्थियों की ओर से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए एमपीपीएससी 2019 सहित सभी लंबित भर्तियों का तत्काल निपटारा करने और चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्षों से भर्तियाँ विलंबित होने और रिक्तियों की कमी के कारण युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। यूनियन ने 10 मुख्य मांगों में वास्तविक रिक्तियों का सार्वजनिक आंकड़ा जारी करना, विज्ञापन से नियुक्ति तक अधिकतम 12 माह की समयसीमा निर्धारित करना, मेंस और साक्षात्कार अंक सार्वजनिक करना, वेटिंग लिस्ट जारी करना और प्रभावित अभ्यर्थियों को आयु सीमा में विशेष छूट देने जैसी मांगें रखी हैं। यूथ यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि वर्षों से लंबित मुद्दों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो युवाओं में असंतोष बढ़ सकता है।


## आयुक्त, कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ई-मेल: civil.ctd@mp.gov.in बेबसाईट: www.tribal.mp.gov.in

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/निर्माण/2025-26/2240 भोपाल, दिनांक 02/02/2026

जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माणाधीन एवं नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों के संपादन हेतु आर्किटेक्चरल डिज़ाइन एवं डी.पी.आर. कन्सल्टेंसी तथा पी.एम.सी. (क्वालिटी कंट्रोल सहित) कार्य हेतु कंसल्टेंसी की स्थापना हेतु स्थापित अनुभवी एवं पंजीकृत कंपनी/फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य का नाम | सिविल कार्य लागत की संभावित राशि (करोड़ में) | अनुबंध की संभावित राशि (करोड़ में) | EMD राशि (लाख में) | निर्धारित समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संभाग जबलपुर ज़ोन के निर्माण कार्यों हेतु आर्किटेक्चरल डिज़ाइन, डी.पी.आर. एवं परियोजना प्रबंधन कंसल्टेंसी का कार्य। | 235.31 | 3.98 | 12.00 | 24 months |

1. इच्छुक फर्म/ कम्पनी MP Tenders के पोर्टल पर विवरण देख सकते हैं।
2. NIT (निविदा आमंत्रण सूचना) में किसी प्रकार के परिवर्तन सूचना केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
3. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता का विस्तृत विवरण : www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया केवल उपरोक्त पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी।
5. संशोधन/परिशिष्ट/स्पष्टीकरण/ शुद्धि पत्रक केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।
6. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

आयुक्त
जनजातीय कार्य
भोपाल म.प्र.

जी-25626/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता


### 22 तक फॉर्म 12 सी जमा करना अनिवार्य

**जबलपुर।** अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी एवं पेंशन प्रभारी अधीक्षक दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयकर सीमा के अंतर्गत आने वाले नगर निगम जबलपुर के पेंशनर्स को अपना वार्षिक पेंशन भुगतान स्टेटमेंट प्राप्त कर 22 फरवरी 2026 तक फॉर्म 12 सी कार्यालय पेंशन विभाग, कमरा नं. 43 नगर निगम जबलपुर में जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात जमा प्रपत्रों पर कार्यवाही नहीं की जायेगी।

# विवाह परंपरा और समाजिक मुद्दों पर चर्चा

▶ आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा में समाज की परंपरा पर विशेष बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा के दूसरे दिन महाराजपुर पुरानी बस्ती में बैठक आयोजित की गई। पूर्व मंत्री कौशल्या गोटियां के नेतृत्व में और अखिल भारतीय शबरी महासंघ के तत्वावधान में संपन्न कार्यक्रम में आदिवासी समाज की विवाह पद्धति पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में विवाह की परंपराओं, जैसे मंडप में महुआ की मटकी, मथानी और कुदाल का महत्व, दुल्हन का पत्थर के सिल पर स्नान आदि पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में समाजिक समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिसमें कच्ची शराब की अवैध बिक्री, आधार कार्ड न बनने, वोटर सूची में नाम जुड़ने में देरी, और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति शामिल रही। कौशल्या गोटियां ने बैठक में कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति और रीति-रिवाजों को संरक्षित करना और सामाजिक समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# संभाग में पहली बार ग्राम पंचायत और निजी एजेंसी का साझेदारी मॉडल

▶ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत घर-घर कचरा संग्रहण के लिए अनुबंध




**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सालीवाड़ा गौर ग्राम पंचायत में घर-घर कचरा संग्रहण और प्रबंधन के लिए एक विशेष अनुबंध हुआ। इस अवसर पर इंदौर की सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड और ग्राम पंचायत सालीवाड़ा गौर के बीच तीन साल के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत की अध्यक्ष चन्द्रकिरण गोस्वामी, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, ग्राम पंचायत के सरपंच सौरभ राय और एजेंसी प्रतिनिधि विजय सिंह मौजूद थे। अनुबंध के तहत एक सुपरवाइजर, वाहन चालक, सफाई साथी और पूरी टीम ग्राम पंचायत में रहकर कचरा प्रबंधन का कार्य करेगी। साथ ही, समय-समय पर जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह संभाग में पहली बार किसी ग्राम पंचायत और निजी एजेंसी के बीच कचरा प्रबंधन पर अनुबंध है।


## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय - रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर - 482001
ई-मेल: crld.jabalpur@unionbankofindia.bank.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विषेष रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता हैं की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को "जहां है जैसा है" और "जो कुंछ भी है" के आधार पर दिनांक 27.02.2026, दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्र. | ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम | संपत्ति का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता: 1. सुशील कुमार विश्वकर्मा वन्दना विश्वकर्मा | बिक्री हेतु अचल गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण:- मौजा-करमेता, एनबी संख्या 497, पीएच संख्या 26 नया 23, वर्तमान पीएच संख्या 78, आरएनएम महाराजपुर, डायवर्जन खसरा संख्या 88 का भाग, तहसील- पनागर, जिला - जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित प्लॉट संख्या 71 का पूरा हिस्सा। कुल क्षेत्रफल – 735 वर्ग फुट। सीमाएँ (बिक्री विलेख के अनुसार): पूर्व: सड़क, पश्चिम: स्टार सिटी की दीवार, उत्तर: प्लॉट संख्या 72, दक्षिण: खसरा संख्या 102 | Rs. 21,76,371.71/- with further Interest, cost & expenses | Rs. 41,65,000/- / Rs. 4,16,500/- | Pranav Vishwas 9456791239 |
| 2. | उधारकर्ता: 1. मेसर्स ओम किराना जनरल स्टोर, इसके मालिक श्री ओम प्रकाश महावर के माध्यम से 2198, दुर्गा नगर, रामपुर, जबलपुर मप्र-482008 2. श्री ओम प्रकाश महावर पुत्र श्री विनोद कुमार महावर 2198, दुर्गा नगर, रामपुर, जबलपुर मप्र-482008 3. श्री विनोद महावर पुत्र श्री गिरधारी लाल महावर 1601, दुर्गा नगर, ओम किराना के पास, रामपुर, जबलपुर एमपी - 482001 4. श्री उमेश कुमार महावर पुत्र श्री विनोद कुमार महावर 2259, दुर्गा नगर, रामपुर, छापर, जबलपुर मप्र-482001 | बेची जाने वाली अचल गिरवी संपत्तियों का विवरण: - 1. श्री विनोद कुमार महावर के नाम पर शंकर शाह नगर वार्ड, राजस्व सर्कल जबलपुर में स्थित मौजा रामपुर एनबी नंबर 01, पी.एच. नंबर 32, खसरा नंबर 22/3, डायवर्टेड प्लॉट नंबर 42, लेआउट प्लॉट नंबर 95/5, कुल प्लॉट एरिया 1000 वर्ग फुट में फैली दो मंजिला आवासीय इमारत का पूरा हिस्सा। सीमाएँ: उत्तर: श्री पी. एन. सोनवाने का प्लॉट और मकान, दक्षिण: श्री गुप्ता का प्लॉट, पूर्व: छह फुट चौड़ी गली, पश्चिम: नाला | Rs. 76,22,946.44 /- with further Interest, cost & expenses | Rs. 42,00,000/- / Rs. 4,20,000/- | Abhishek Kumar 9734200551 |
| | | 2. राँझी (पुरानी तहसील पनागर), एन.बी.402, पी.एच. संख्या 16/55, रिछाई, जबलपुर में स्थित आवासीय अचल संपत्ति, उत्परिवर्तन के बाद खसरा संख्या 259 का भाग (खसरा संख्या 259/35), प्लॉट संख्या 700 वर्ग फुट, निर्माण क्षेत्र भूतल 400 वर्ग फुट, नगर निगम वार्ड संख्या 77, रिछाई, महाराजपुर, पनागर, जबलपुर (मध्य प्रदेश) श्री उमेश महावर पुत्र श्री विनोद कुमार महावर के नाम पर। सीमाएँ: उत्तर: परशुराम पटेल का मकान, दक्षिण: पड़ोसी का मकान, पूर्व: सड़क, पश्चिम: खुला मैदान | | Rs. 21,25,000/- / Rs. 2,12,500/- | |
| 3. | उधारकर्ता: 1. एम/एस केजीएन साइकिल मालिक श्री अब्दुल हमीद पुत्र श्री अब्दुल मजीद निवासी देव मुरलीधर वार्ड, गोटेगांव, तहसील गोटेगांव, जिला। नरसिंहपुर, म.प्र. | बिक्री हेतु अचल गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण मौजा छोटा छिंदवाड़ा, देव मुरलीधर वार्ड, पीएच नंबर 45/16 एनबी नंबर 175, डायवर्जन खसरा 283/49, क्षेत्रफल 510 वर्ग फुट, आरएनएम एवं तहसील गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन का पूरा टुकड़ा। श्रीमती कमर जहां पत्नी अब्दुल हमीद (खरीददार) और श्रीमती सरोज बाई पत्नी सुंदरलाल सक्सेना (विक्रेता) के बीच दिनांक 03.12.2010 को हुए पंजीकृत पट्टा विलेख संख्या 3239 के अनुसार सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व - केवल चंद जैन का प्लॉट, पश्चिम - पवन जैन का प्लॉट, उत्तर - बिलवर का बगीचा की भूमि, दक्षिण - सड़क | Rs. 16,49,334.00/- with further Interest, cost & expenses | Rs. 17,43,000/- / Rs. 1,74,300/- | Navneet Kumar 9888341628 |

विक्रय से संबंधित और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://baanknet.com and https://www.unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property.aspx

स्थान: जबलपुर दिनांक: 10.02.2026

प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया